महत्वपूर्ण

संख्या–1110/57–2016–51(जी)/2013

प्रेषक,

अशोक कुमार तिवारी,
अनु सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

1– **मण्डलायुक्त,**
लखनऊ मण्डल,
लखनऊ।

2– **जिलाधिकारी,**
लखनऊ।

3– **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,**
लखनऊ।

धर्मार्थ कार्य अनुभाग लखनऊः दिनांकः 23 नवम्बर, 2016

**विषयः शासकीय व्यय पर लखनऊ से जगन्नाथ पुरी एवं भुवनेश्वर (उड़ीसा) की समाजवादी श्रवण यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था कराये जाने के संबंध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषय पर शासन की विज्ञप्ति/प्रकीर्ण संख्या–22/2016/952/2016/57–2016–51(जी)/2013, दिनांकः 03 अक्टूबर, 2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त यात्रा से सम्बन्धित विशेष ट्रेन **दिनांक 28 नवम्बर, 2016 को लखनऊ से जगन्नाथ पुरी एवं भुवनेश्वर (उड़ीसा) के लिये अपरान्ह 01.30 बजे प्रस्थान करेगी।** समाजवादी श्रवण यात्रा के चयनित समस्त यात्री **प्रातः 10.00 बजे लखनऊ, चारबाग रविन्द्रालय परिसर में उपस्थित होंगे।** सभी यात्रियों को टिकट वितरण करने के लिये मण्डलवार काउन्टर बनायें जायेगें। कृपया ट्रेन रवाना होने तक सभी यात्रियों की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

**भवदीय,**

**( अशोक कुमार तिवारी )**
**अनु सचिव।**

**संख्या–1110(1)/57–2016–51(जी)/2013 तद्दिनांक**

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) अनु सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अनु0–8 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि प्रश्नगत यात्रा हेतु नामित चिकित्सक एवं नर्सों को आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं सहित निर्धारित स्थान पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

(2) प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0एस0आर0टी0सी0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि यात्रा के चयनित यात्रियों को उनके गृह जनपद के निकटतम बस स्टॉप से लेकर **चारबाग रेलवे स्टेशन, लखनऊ** तक छोड़ने तथा यात्रा की समाप्ति के उपरान्त **चारबाग रेलवे स्टेशन, लखनऊ** से उनके गृह जनपद के निकटतम बस स्टॉप तक निःशुल्क छोड़ने की व्यवस्था कराने का कष्ट करें।

(3) प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को इस आशय से प्रेषित कि अपने जिले के चयनित यात्रियों की सूची **samajwadishravanyatra.upgov.info** से प्राप्त करके उन्हें अपने स्तर से उपर्युक्त व्यवस्था से अवगत कराने का कष्ट करें।

**आज्ञा से,**

**(अशोक कुमार तिवारी)**
**अनु सचिव।**